स्वछता पखवाड़े के तहत कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाया गया वृहत स्वच्छता अभियान

कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ द्वारा स्वछता पखवाड़े के तहत, उत्तरकाशी जिले के विभिन्न इलाको में, पूर्वनियोजित कार्यक्रमों के तहत, 16 से 31 दिसम्बर 2021 तक, 16 दिवसीय वृहत स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य आस पास के इलाको की सफाई कर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

इस दौरान अभियान की शुरुआत **केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चित्रांगद सिंह राघव** द्वारा समस्त कर्मचारियों को स्वच्छता सम्बन्धी शपथ दिलाने के साथ की गयी। तत्पश्चात केंद्र परिसर, बाजार एवं आस पास से सटे ग्रामीण इलाको में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। अभियान के तहत जगह जगह स्वच्छता सम्बन्धी बैनर लगाये गये ।इस दौरान गली कूचो, बरामदो, गलियारों एवं कार्यालयी परिसर की सफाई की गयी। अलग अलग दिनों में आवासीय परिसरों, बाजार, प्रक्षेत्र परिसर, मुख्य मार्ग एवं इससे सटे इलाको की सफाई की गयी । अभियान को जारी रखते हुए अन्य दिनों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत अंगीकृत ग्रामो में भी चरणबद्ध तरीके से विस्तृत सफाई अभियान चलाकर लोगो स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उनसे अपने आस पड़ोस को स्वच्छ रखने की अपील की गयी। जैविक अपशिष्ट का प्रयोग, अपशिष्ट से आय का अर्जन, पॉलिथीन मुक्त वातावरण, किचन तथा घरेलु अपशिष्ट से वानस्पतिक खाद बनाना, साफ़ एवं हरित तकनीकी को बढ़ावा देना तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर जानकारी दी गयी।

इस दौरान सीवरेज व पाइप लाइनों की सफाई हेतु मुहिम चलायी गयी, प्रयोग हो चुके पानी के पुनः चक्रण, कृषि एवं औद्यानिकी हेतु पानी के दोहन, अपशिष्टो से धनार्जन और अपशिष्टो का उचित तरीके से निस्तारण आदि तकनीकियों को प्रदर्शन के माध्यम से लोगो तक पहुचाया गया। केंद्र द्वारा स्वच्छता पर वाद विवाद, सेमीनार, जन जागरूकता रैली एवं विशेषज्ञों द्वारा वार्ता आदि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओ हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

23 दिसम्बर को इलाके से सटे भड्कोट गाँव में किसान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान ग्रामीणों के साथ मिलकर गाँव में विभिन्न जगहों पर सफाई की गयी।

कार्यक्रम का हिस्सा बने सार्वजनिक जगहों, पीपलमंडी बाजार, भड्कोट, बडेथी, चुपलिया गाँव आदि जगहों पर स्थानीय जनता के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया गया। प्रक्षेत्र परिसर में भी कर्मचारियों द्वारा प्रक्षेत्र परिसर, कार्यालय, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, संग्रहालय, आवासीय भवन, डेरी यूनिट, नालियों तथा प्रक्षेत्र से जुडी मुख्य सड़क के दोनों तरफ सफाई की गयी।

इस अभियान में स्थानीय जनमानस ने भी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और केंद्र द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की । इस दौरान केंद्र के अधिकारियों द्वारा लोगो को स्वच्छ रहने तथा अपने आस पास स्वच्छ वातावरण बनाये रखने की अपील की। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ पंकज नौटियाल, श्री नीरज जोशी, श्री वरुण सुप्याल, श्री ख्याली राम , रितिका भास्कर तथा केन्द्र में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बी एस सी कृषि के प्रशिक्षु विद्यार्थी तथा क्षेत्रवासियों का सक्रिय सहयोग रहा ।

कृषि विज्ञान केन्द्र, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)
द्वारा आयोजित
छता पखवाड़ा
16 से 31 दिसम्बर 2021
स्थान: कृषि विज्ञान केन्द्र, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)

कृषि विज्ञान केन्द्र, उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड)
स्वच्छता पखवाड़ा
2021
कृषिविज्ञानकेन्द्र
कृषि विज्ञान केन्द्र, चिन्यालीसौड़ (उत्त
(भाकृअनुप - विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,
द्वारा आयोजित
च्छता पर